प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 27.04.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दो दिवसीय प्रदेश दौरे के पहले दिन वाराणसी में महिला सम्मेलन को करेंगे संबोधित : 29 अप्रैल को हरदोई में गंगा एक्सप्रेस वे का करेंगे लोकार्पण।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 29 अप्रैल को अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर के शिव मंदिर पर करेंग ध्वजारोहण : करीब 700 मेहमान कार्यक्रम में होंगे शामिल।
3. प्रदेशभर में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई तीन दिवसीय होमगार्ड भर्ती परीक्षा : 41 हज़ार 424 पदों के लिए एक हजार 53 परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों ने दिया इम्तहान।

और

4. प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी : मौसम विभाग ने कल से पश्चिमी जनपदों में हल्की बारिश का जताया अनुमान।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दो दिवसीय दौरे पर उत्तर प्रदेश पहुंचेंगे। दौरे के पहले दिन प्रधानमंत्री कल शाम वाराणसी में महिला सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस दौरान वह लगभग 6 हज़ार 350 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

**वहीं 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री हरदोई से गंगा एक्सप्रेस वे का उद्घाटन करेंगे। पेश है एक रिपोर्ट.....**

*वाराणसी में प्रधानमंत्री 1 हज़ार 50 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 48 पूर्ण परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इनमें वाराणसी से आजमगढ़ तक सड़क का विस्तारीकरण, रेल ओवरब्रिज का उद्घाटन और भगवानपुर में 55 एमएलडी क्षमता वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन शामिल हैं। साथ ही श्री मोदी जल जीवन मिशन के अंतर्गत 30 ग्रामीण पेयजल योजनाओं और 100 बिस्तरों वाले वृद्धाश्रम का भी शुभारम्भ करेंगे। प्रधानमंत्री लगभग 5 हज़ार 300 करोड़ रुपये की 112 से अधिक परियोजनाओंकी आधारशिला भी रखेंगे। कार्यक्रम के दौरान श्री मोदी बनारस से पुणे और अयोध्या से मुंबई जाने वाली दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

**29 अप्रैल को प्रधानमंत्रो हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। वे इस अवसर पर जनसभा को संबोधित भी करेंगे। एक रिपोर्ट.....**

*594 किलोमीटर लंबा गंगा एक्सप्रेसवे एक्सेस–नियंत्रित ग्रीनफील्ड हाई–स्पीड कॉरिडोर है, जिसका निर्माण लगभग 36 हज़ार 230 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। यह एक्सप्रेसवे मेरठ, बुलंदशहर, हापुड़, अमरोहा से होते हुए प्रयागराज तक 12 ज़िलों को जोड़ता है। इस परियोजना में शाहजहांपुर में साढ़े तीन किलोमीटर लंबी आपातकालीन लैंडिंग सुविधा भी शामिल है। इस एक्सप्रेस वे के ज़रिए प्रदेश को पश्चिमी, मध्य और पूर्वी क्षेत्रों को हाई–स्पीड कॉरिडोर के माध्यम से जोड़ा गया है। इस परियोजना से मेरठ और प्रयागराज के बीच यात्रा का समय 12 घंटे से घटकर लगभग 6 घंटे रह जाने की उम्मीद है। आकाश शुक्ला, आकाशवाणी समाचार, हरदोई।*

——————————

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल श्रीनगर से दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 4 हजार 568 करोड़ 23 लाख रुपए केन्द्रांश जारी करेंगे। इस धनराशि से ग्रामीण आजोविका अभियान को गति मिलेगी। यह कदम महिला स्वयं सहायता समूहों, ग्रामीण आजीविका संवर्धन, सामुदायिक संस्थाओं की मजबूती और गांवों में स्वरोजगार आधारित आर्थिक गतिविधियों को और अधिक बल देने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 29 अप्रैल को अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में स्थित शिव मंदिर पर ध्वजारोहण करेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पत राय ने बताया कि बुधवार शाम 5 बजे यह अनुष्ठान सम्पन्न होगा। इस कार्यक्रम में करीब 700 मेहमान शामिल होंगे। कार्यक्रम के लिए मंदिर परिसर को भी भव्य रूप से सजाया जाएगा। अयोध्या के जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और एसएसपी डॉ0 गौरव ग्रोवर ने आज कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मद्‌देनजर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की जा रही है। बाइट.....

*29 तारीख को जनपद अयोध्या के अयोध्या धाम में जो वीआईपी विजिट प्रस्तावित है, जो मंदिर में कार्यक्रम होना है, उसके दृष्टिगत हमारे*

*और डीएम साहब द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर लिया गया है। जो कोई व्यवस्थाएं वहां पर की जानी है, उसको सुचारू रूप से किया जा रहा है। वीआईपी विजिट को दृष्टिगत रखते हुए ट्रैफिक का भी प्लान बनाया गया है और जो आम श्रद्धालु है, उनकी सुविधा और सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए इसके लिए सभी प्रबंध किए जा रहे है।*

———————————

**प्रदेशभर में कड़ी सुरक्षा के बीच आज तीन दिवसीय होमगार्ड भर्ती परीक्षा सम्पन्न हो गई। 41 हज़ार 424 पदों के लिए आयोजित हुई इस परीक्षा के लिये लगभग 25 लाख अभ्यर्थियों ने फार्म भरा था। 25 से 27 अप्रैल तक आयोजित इस परीक्षा को प्रदेश भर के 1 हजार 53 केंद्रों पर दो पालियों में सम्पन्न कराया गया। भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और नकल विहीन तरीके से पूरा कराने के लिए विशेष इंतज़ाम किए गए थे। परीक्षा के अंतिम दिन भी विभिन्न ज़िलाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।**

———————————

**यूपी बोर्ड से इस वर्ष दसवीं और बारहवी पास करने वाले जो छात्र किसी विषय में प्राप्त अंकों से संतुष्ट नहीं हैं, उनके लिए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् ने स्क्रूटिनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए छात्र बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर स्क्रूटिनी फॉर्म भर सकते हैं। किसी एक विषय की कॉपी को रीचेक करवाने के लिए आवेदक को 500 रुपये का भुगतान करना होगा। फीस ऑनलाइन माध्यम**

से जमा की जा सकती है। फार्म भरने की अंतिम तिथि 17 मई 2026 है।

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

भारत भ्रमण पर आए नेपाल के 20 सदस्यीय मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने आज विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा भवन का भ्रमण किया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने प्रतिनिधिमंडल को विधानमंडल की कार्यप्रणाली, विधि–निर्माण प्रक्रिया और लोकतांत्रिक मूल्यां के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान श्री महाना ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच लम्बे समय से घनिष्ठ संबंध रहे हैं जो धार्मिक, सांस्कृतिक औऱ सामाजिक आधार पर निरंतर सुदृढ़ होते रहे हैं।

——————————

सुल्तानपुर में कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने जनाक्रोश रैली में हिस्सा लिया। अपने संबोधन में उन्होंने संसद में महिला आरक्षण से संबंधित बिल पास ना होने के लिए विपक्ष को ज़िम्मेदार ठहराया। वहीं अयोध्या में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वर्तमान में चल रही जनगणना और परिसीमन के आधार पर 2029 के चुनाव में महिलाओं को आरक्षण मिलना शुरू हो जाता पर विपक्ष ने इसमें बाधा डाली है। श्री शाही ने कहा भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में हर संभव प्रयास जारी रहेगा। श्रावस्ती में राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने महिला सम्मेलन में हिस्सा लिया और नारी वंदन अधिनियम पर महिलाओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने 33 प्रतिशत आरक्षण को महिलाओं को घर से सदन तक पहुंचाने का मजबूत कदम बताया। बाइट.....

*देश की महिला जानती है कि मेरे हक में क्या चीज होने वाली है। हमारा कहां रिप्रेजेंटेशन उचित होना चाहिए, कहां हमारी जरूरत है और हर तरफ से जहां प्रधानमंत्री जी ने महिलाओं को पुरुष प्रधान जगहों पर जगह दी है। जहां भी हमने यह सोचा कि जहां पुरुष अपना अच्छा कर सकते हैं, वहां प्रधानमंत्री जी ने कहा कि नहीं देश की बेटी, देश की बहू, देश की नारी भी अच्छा काम कर सकती है। तो यह प्रतिनिधित्व देने का एक अवसर था।*

——————————

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए जा रहे हैं। नामांकन प्रक्रिया इस वर्ष 31 जुलाई तक 5 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है जिन्होंने वीरता, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसी श्रेणियों में उत्कृष्टता प्रदर्शित की है। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे।

—————————

लखनऊ में अब ऐतिहासिक धरोहरों को देखने के लिए पर्यटक ऑनलाइन टिकट खरीद सकेंगे। हुसैनाबाद और सम्बद्ध ट्रस्ट ने पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की शुरु की है। ट्रस्ट द्वारा आधिकारिक वेबसाइट लखनऊ इमामबाड़ा डॉट कॉम लॉच की गई है, जिस पर क्यूआर कोड स्कैन करके टिकट बुक किया जा सकता है।

—————————

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। बीते 24 घंटों में 46 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ बांदा देश के तीसरे सबसे गर्म जनपद के रूप में दर्ज किया गया। वहीं 45 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ प्रयागराज देश में आठवें स्थान

पर रहा। मौसम विभाग ने कल से आगामी 5 दिनों तक पश्चिमी जनपदों में कहीं कहीं हल्की बारिश का अनुमान जताया है। वहीं 28 अप्रैल से राज्य के पूर्वी हिस्सों में भी हल्की बारिश से तापमान में कुछ गिरावट आने की संभावना है।

(समाप्त)